NIOS/Acad./2020/306/01/H

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

पाठ 3: तुलसीदास

कार्यपत्रक-3

प्रश्न 1. निम्नलिखित काव्यांश ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

मैं जानऊँ निज नाथ सुभाऊ। अपराधिहु पर कोह न काऊ ॥
मो पर कृपा सनेहु बिसेषी। खेलत खुनिस न कबहूँ देखी ॥
सिसुपन ते परिहरेउ न संगू। कबहूँ न कीन्ह मोर मन भंगू ॥
मैं प्रभु कृपा रीति जियँ जोही। हारेहुं खेल जितावहिं मोही ॥

क. राम की तरह अपराधी पर भी क्रोध नहीं करने वाले व्यक्ति के स्वभाव को आप कैसा मानते हैं?

ख. खेल में नाराज़ हो गए अपने साथी के साथ आप कैसा व्यवहार करते हैं?

ग. 'सिसुपन ते परिहरेउ न संगू' कहकर भारत ने किस बात की ओर संकेत किया है?

घ. आपसी संबंधों में प्रेम भाव बनाए रखने के लिए किन आदर्शों को स्थापित किया गया है?

च. सभा में भरत कहते हैं कि 'मैंने बचपन से ही कभी राम का संग नहीं छोड़ा' इस बात को ध्यान में रखते हुए लिखिए कि साथ निभाने के लिए हमें क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए?

प्रश्न 2 . निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

बिधि न सकेउ सहि मोर दुलारा। नीच बीचु जननी मिस पारा ॥
यहउ कहत मोहि आजु न सोभा। अपनीं समुझि साधु सुचि को भा ॥
मातु मंद मैं साधु सुचाली। उर अस आनत कोटि कुचाली ॥
फरइ कि कोदव बालि सुसाली। मुकता प्रसव कि संबुक काली ॥

क.भरत को अपनी बात अशोभनीय क्यों लगी ?

ख.भरत ने अपने को 'कोटि कुचली' क्यों माना है ?

ग.भरत और राम के बीच प्रेम की प्रगाढ़ता को किस रूप में अभिव्यक्त किया गया है ?

घ. 'मुकता प्रसव कि संबुक काली' कह कर भरत क्या प्रमाणित करना चाहते हैं?

प्रश्न 3. **सभा में राम के सामने अपनी बात कहने के लिए जब भरत खड़े हुए तो उनकी आँखों में आंसू क्यों आ गए** ?

प्रश्न 4. **पाठ के आधार पर राम के किन्हीं चार गुणों का उल्लेख कीजिए ।**

प्रश्न 5. **आज के समय में हम राम और भरत के प्रेम से क्या सीखते हैं** ?

प्रश्न 6. **पाठ के आधार पर आप यह निर्णय कैसे करेंगे कि भरत की बातों में प्रेम है या छल , झूठ है या सच** ?

प्रश्न 7. **भरत ने अपनी मां कैकेयी की तुलना 'कोदव' और काली संबुक से क्यों की है**?

प्रश्न 8. **भरत द्वारा अपने दुर्भाग्य की तुलना समुद्र से करने का क्या आशय है**?

प्रश्न 9. **निम्नलिखित में से किन शब्दों में प्रत्यय का प्रयोग हुआ है -**

नीरज ,सुभाऊ ,सिसुपन ,सनेहु ,नैन , रीति ,खेलत , कृपा

प्रश्न 10. **निम्नलिखित में कौन-कौन से संज्ञा शब्द हैं -**

संबुक, काली , कोदव, बालि , कुचाली , दुलारा , जननी, बिधि, सुसाली , मुकता ,मातु, सोभा ,पारा